भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
05.08.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2969 का उत्तर

मेदिनीपुर जिले में रेलवे परियोजनाएं

2969. श्रीमती जून मालिया:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान पश्चिम मेदिनीपुर जिले में स्वीकृत, चालू और पूरी की गई सभी रेल परियोजनाओं का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) स्वीकृत लागत, संशोधित लागत, किए गए व्यय, वास्तविक प्रगति की प्रतिशतता और प्रत्येक परियोजना के पूरा होने की संभावित तारीख का ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वित्तीय वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान इन परियोजनाओं के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन परियोजनाओं को पूरा करने में विलम्ब, यदि कोई हो, के कारणों का ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): रेल परियोजनाओं का सर्वेक्षण/स्वीकृति/निष्पादन क्षेत्रीय रेलवे-वार किया जाता है न कि राज्य-वार/जिला-वार, क्योंकि रेल परियोजनाएं राज्य/जिला की सीमाओं के आर-पार फैली हो सकती हैं।

पश्चिम मेदिनीपुर जिले में संपर्कता को बेहतर बनाने के लिए निम्नलिखित निर्माण कार्य/सर्वेक्षण किए गए हैं:

क्र.सं.	परियोजना	स्थिति
1	पाँशकुड़ा-खड़गपुर तीसरी लाइन (45 कि.मी.)	परियोजना को कमीशन कर दिया गया है।
2	खड़गपुर-नारायणगढ़ तीसरी लाइन (24 कि.मी.)	परियोजना को कमीशन कर दिया गया है।
3	खड़गपुर-आदित्यपुर तीसरी लाइन (132 कि.मी.)	परियोजना को ₹3,450 करोड़ रु. की लागत पर स्वीकृति दी गई है। इस परियोजना के लिए ₹3,192 करोड़ रु. का व्यय उपगत किया गया है और वित्तीय वर्ष 2026-27 में ₹140 करोड़ रु. का आबंटन किया गया है। इस परियोजना के निमपुरा (खड़गपुर) से सलगाझरी तक 127 कि.मी. का भाग कमीशन कर दिया गया है। सभी 171 छोटे पुलों और महत्वपूर्ण पुलों के कार्य पूरे कर लिए गए हैं। 19 महत्वपूर्ण पुलों में से 18 पुलों के कार्य पूरे कर लिए गए हैं।
4	यार्ड से होकर हिजली-निमपुरा तीसरी लाइन (6 कि.मी.)	इस परियोजना को हाल ही में ₹234 करोड़ की लागत पर स्वीकृति दी गई है।
5	सांतरागाछी - खड़गपुर चौथी लाइन (111 कि.मी.)	परियोजना को ₹2,905 करोड़ की लागत पर स्वीकृति दी गई है। परियोजना को विशेष रेलवे परियोजना घोषित किया गया है और सीएएलए को नामित किया गया है।
6	निमपुरा रिस्पेशन यार्ड से खड़गपुर जं. के	इस परियोजना को हाल ही में ₹158

क्र.सं.	परियोजना	स्थिति
	बीच तीसरी लाइन (6 कि.मी.)	करोड़ की लागत पर स्वीकृति दी गई है।
7	निमपुरा रिस्पेशन यार्ड से बचकर कलईकुंडा-निमपुरा पश्चिम आउटर-गोकुलपुर संपर्कता (12 कि.मी.)	इस परियोजना को हाल ही में ₹224 करोड़ की लागत पर स्वीकृति दी गई है।
8	निमपुरा पश्चिम आउटर केबिन-मिदनापुर (15 कि.मी.)	इस परियोजना को हाल ही में ₹440 करोड़ की लागत पर स्वीकृति दी गई है।
9	नारायणगढ़-भद्रक तीसरी लाइन (153 कि.मी.)	परियोजना को ₹3,425 करोड़ रु. की लागत पर स्वीकृति दी गई है। इस परियोजना के लिए ₹2,473 करोड़ रु. का व्यय उपगत किया गया है और वित्तीय वर्ष 2026-27 में ₹525 करोड़ रु. का आबंटन किया गया है। इस परियोजना के 74 कि.मी. खंड में नारायणगढ़-दांतन (29 कि.मी.) खंड और खंटापारा-भद्रक (45 कि.मी.) खंड को कमीशन कर दिया गया है। 32 महत्वपूर्ण पुलों में से 30 पुलों के कार्य पूरे कर लिए गए हैं। महत्वपूर्ण पुल का कार्य पूरा कर लिया गया है। 63 छोटे पुलों में से 61 पुलों के कार्य पूरे कर लिए गए हैं। सभी 12 स्टेशन भवनों के कार्य पूरे कर लिए गए हैं।

क्र.सं.	परियोजना	स्थिति
		02 में से 01 निचले सड़क पुल का कार्य पूरा कर लिया गया है।

पश्चिम बंगाल:

रेल बजट:

हाल के वर्षों में बजट आबंटन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। परियोजनाओं के लिए बजट आबंटन किसी परियोजना में हुई प्रगति को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। पश्चिम बंगाल राज्य में पूर्णतः/अंशत: पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए बजट आबंटन निम्नानुसार है:-

अवधि	परिव्यय
2009-14	4,380 करोड़ रु. प्रति वर्ष
2026-27	14,205 करोड़ रु. (3 गुना से अधिक)

स्वीकृत परियोजनाएं:

01.04.2026 की स्थिति के अनुसार, पश्चिम बंगाल राज्य में पूर्णतः/अंशत: पड़ने वाली 83,433 करोड़ रुपए की लागत से कुल 5,148 कि.मी. लंबाई की 63 परियोजनाएं (14 नई लाइन, 04 आमान परिवर्तन और 45 दोहरीकरण) स्वीकृत हैं। इसका सारांश निम्नानुसार है:-

कोटि	परियोजनाओं की संख्या	कुल लंबाई (कि.मी. में)	मार्च 2026 तक कमीशन की गई लंबाई (कि.मी. में)	मार्च, 2026 तक कुल व्यय (करोड़ रुपए में)
नई लाइनें	14	1,056	337	13,872
आमान परिवर्तन	4	1,201	854	3,676
दोहरीकरण/बहुपथन	45	2,891	530	10,401
कुल	63	5,148	1,721	27,949

हाल ही में पूरी की गईं परियोजनाएं:

पश्चिम बंगाल राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली तथा हाल ही में पूरी की गई कुछ परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	परियोजना	लागत (करोड़ रुपए में)
1	रामपुरहाट-मंदारहिल नई लाइन (130 कि.मी.)	908
2	आजिमगंज-मुर्शिदाबाद नई लाइन (7 कि.मी.)	164
3	बर्द्धमान-कटवा आमान परिवर्तन (52 कि.मी.)	696
4	अहमदपुर-कटवा आमान परिवर्तन (52 कि.मी.)	440
5	पाँशकुड़ा-खड़गपुर तीसरी लाइन (45 कि.मी.)	408
6	लालगोला-जियागंज दोहरीकरण (23 कि.मी.)	124
7	कृष्णनगर-बेथुयाडहरी दोहरीकरण (28 कि.मी.)	152
8	नबद्वीपधाम-पाटुली दोहरीकरण (22 कि.मी.)	170
9	बेथुयाडहरी-पलासी दोहरीकरण (23 कि.मी.)	132
10	अम्बिका कालना-नबद्वीपधाम दोहरीकरण (23 कि.मी.)	145
11	नलहाटी-सागरदिघि दोहरीकरण (26 कि.मी.)	193
12	तमलुक जंक्शन- बासुलिया सुताहाटा दोहरीकरण (24 कि.मी.)	245
13	पलासी-जियागंज दोहरीकरण (54 कि.मी.)	234
14	आजिमगंज-मणिग्राम दोहरीकरण (21 कि.मी.)	150
15	न्यू कूचबिहार-गुमानीहाट दोहरीकरण (29 कि.मी.)	330
16	न्यू कूचबिहार-सामुकतला रोड दोहरीकरण (29 कि.मी.)	445
17	सांइथिया-तारापीठ तीसरी लाइन (22 कि.मी.)	186
18	आमबाड़ी फालाकाटा - न्यू मैनागुड़ी दोहरीकरण (38 कि.मी.)	843
19	बैण्डेल-बैंची-तीसरी लाइन (31 कि.मी.)	546
20	बैंची-शक्तिगढ़ तीसरी लाइन (26 कि.मी.)	424
21	बाज़ार सौ-आजिमगंज जंक्शन दोहरीकरण (42 कि.मी.)	343
22	सागरदिघी-मालदा टाउन दोहरीकरण (25 कि.मी.)	248

23	खड़गपुर-नारायणगढ़ तीसरी लाइन (24 कि.मी.)	270
24	मनिग्राम-निमतिता दोहरीकरण (24 कि.मी.)	713
25	पुरुलिया-कोटशिला दोहरीकरण (36 कि.मी.)	393

चालू परियोजनाएं:

पश्चिम बंगाल राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली कुछ परियोजनाएं, जिन्हें शुरू किया गया है, का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रुपए में)
1	चाण्डिल-दामोदर तीसरी लाइन (121 कि.मी.)	1,932
2	तारकेश्वर-बिष्णुपुर नई लाइन (83 कि.मी.)	1542
3	सिवोक-रंगपो नई लाइन (44 कि.मी.)	11,973
4	बालुरघाट-हिली नई लाइन (30 कि.मी.)	1,209
5	कालियागंज-बुनियादपुर नई लाइन (33 कि.मी.)	1,147
6	कटिहार-कुमेदपुर और कटिहार-मुकुरिया दोहरीकरण (65 कि.मी.)	943
7	खड़गपुर-आदित्यपुर तीसरी लाइन (132 कि.मी.)	3,450
8	नारायणगढ़-भद्रक तीसरी लाइन (153 कि.मी.)	3,425
9	कालीपहाड़ी-बख्तरनगर 5वीं लाइन (18 कि.मी.)	350
10	डानकुनि-बाल्टीकुरी तीसरी और चौथी लाइन (18 कि.मी.)	429
11	मुरारई-बड़हरवा तीसरी लाइन (49 कि.मी.)	935
12	राणाघाट-कृष्णानगर सिटी तीसरी लाइन (26 कि.मी.)	446
13	अलुआबाड़ी रोड-न्यू जलपाईगुड़ी तीसरी और चौथी लाइन (57 कि.मी.)	1,630
14	साइंथिया - पाकुड़ चौथी लाइन (81 कि.मी.)	1,569
15	सांतरागाछी - खड़गपुर चौथी लाइन (111 कि.मी.)	2,905
16	बारबेंडा-दामरुघुतु दोहरीकरण, दामरुघुतु-बोकारो स्टील सिटी तीसरी और चौथी लाइन (52 कि.मी.)	815
17	राणाघाट-बनगांव दोहरीकरण (33 कि.मी.)	396

18	यार्ड के रास्ते हिजली से निमपुरा तीसरी लाइन (6 कि.मी.)	234
19	न्यू जलपाईगुड़ी- सिलीगुड़ी (7 कि.मी.) का दोहरीकरण	215
20	ठाकुरगंज-सिलीगुड़ी दोहरीकरण (56 कि.मी.)	916
21	रामपुर हाट (12 कि.मी.) पर बाईपास लाइन	190

किसी भी रेल परियोजना/ओं का पूरा होना विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

- राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण
- वन संबंधी स्वीकृति
- अतिलंघनकारी जनोपयोगिताओं का स्थानांतरण
- विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां
- क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और स्थलाकृतिक परिस्थितियां
- परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति
- विशिष्ट परियोजना स्थल के लिए वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि

ये सभी कारक परियोजना/ओं के समापन समय और लागत को प्रभावित करते हैं।

******